दिनांकः 31.08.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा– देश को वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना होगा।
- राज्य विधानसभा के कल से शुरू होने वाले सत्र से पहले आज राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले किये गये।
- प्रदेश में मानसून की सक्रियता से विभिन्न स्थानों पर बारिश का दौर जारी– आज सिरोही, पाली और जालौर जिलों के लिए भारी बारिश का ऑरेंज और 26 जिलों में येलो अलर्ट जारी।
- फिट इण्डिया कार्यक्रम के तहत आज देशभर में सण्डे ऑन साईकिल कार्यक्रम का आयोजन–प्रदेशभर में भी कई जगह साईक्लोथॉन में आमजन के साथ जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देशवासियों को स्वदेशी को ध्यान में रखना चाहिये।

........................

प्रधानमंत्री ने कहा कि त्यौहारों की खुशियों के बीच स्वच्छता पर ज़ोर देते रहना चाहिए क्योंकि जहां स्वच्छता है, वहां त्योहारों का आनंद भी और बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना देश के विकास के लिए बहुत ज़रूरी है और इसमें खेलों की बड़ी भूमिका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मॉनसून के दौरान प्राकृतिक आपदाएं देश को कसौटी पर कस रही हैं। पिछले कुछ हफ़्तों में देश ने बाढ़ और भू–स्खलन का बड़ा कहर देखा है। श्री मोदी ने कहा कि संकट की इस घड़ी में स्थानीय लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, चिकित्सकों और प्रशासन ने हरसंभव प्रयास किए हैं।

........................

प्रधानमंत्री ने डिजिटल ऐप प्रतिभा सेतु की चर्चा की।

........................

श्री मोदी ने कहा कि सौर ऊर्जा किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है। प्रधानमंत्री ने ऐसे किसानों का उदाहरण भी दिया जो सौर ऊर्जा के विभिन्न माध्यमों से, स्वयं के साथ अपने आसपास भी व्यापक बदलाव लाये। प्रधानमंत्री ने कहा कि रामायण और भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम अब दुनिया के हर कोने में बढ़ रहा है।

उन्होंने इटली में महर्षि वाल्मीकि और कनाडा में भगवान श्रीराम की प्रतिमाओं के अनावरण का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने अगले महीने मनाई जाने वाली महान विभूतियों की जयंती का जिक्र करते हुए कहा कि 15 सितम्बर को भारत के महान इंजीनियर एम. विश्वेश्वरैय्या का जन्मदिन है जिसे इंजीनियर दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती है। श्री मोदी ने बताया कि यह दिवस उन विश्वकर्मा बंधुओं को समर्पित है जो परंपरागत शिल्प, कौशल और ज्ञान–विज्ञान को अनवरत एक पीढी से दूसरी पीढी तक पहुंचा रहे हैं।

........................

प्रदेश में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह नजर आया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में अपने निवास पर 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का सम्बोधन आमजन में ऊर्जा का संचार करता है। उधर जैसलमेर जिले के सीमांत क्षेत्र तनोट में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बीएसएफ के जवानों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। विभिन्न जिलों में भी भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

........................

16वीं राज्य विधानसभा का चौथा सत्र कल से शुरू होगा। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयक रखे जायेगें। इससे पहले आज जयपुर में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमण्डल और मंत्रिपरिषद की बैठक हुई।

उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल और खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने पत्रकारों को बैठक में लिये गये निर्णयों की जानकारी दी। श्री बैरवा ने कहा कि शहरों के सीवरेज सिस्टम को सुधारने के लिए सीवरेज अपशिष्ट जल नीति 2016 में संशोधन को बैठक में मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की अवधारणा के तहत शहरी सीवरेज सिस्टम को बेहतर बनाया जाएगा।

.........................

श्री बैरवा ने बताया कि उच्च शिक्षा क्षेत्र में शैक्षणिक और गैर–शैक्षणिक पदों पर भर्ती से संबंधित फैसले भी लिये गये हैं। प्रेसवार्ता में संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि धर्मांतरण संबंधी विधेयक विधानसभा सत्र में रखा जाएगा।

.........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर जिले के दूदू में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें दूदू विधानसभा क्षेत्र में लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण, सड़क निर्माण, मरम्मत तथा भवन निर्माण कार्यों और करीब साढे 10 करोड़ रुपये की लागत से बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा उप स्वास्थ्य केंद्र आदि शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आमजन से वोकल फॉर लोकल को प्रोत्साहन देने का आह्वान किया।

...................

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में निरंतर बढ़ोतरी की जा रही है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले 20 महीनों में दूदू क्षेत्र को विकास की कई सौग़ातें दी है।

.........................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मानसून की सक्रियता से बारिश का दौर जारी है। पाली जिले में आज हल्की से मध्यम बारिश दर्ज हुई। झुन्झुनूं और राजधानी जयपुर में भी सुबह से रूक–रूक कर बरसात का दौर

जारी रहा। सवाईमाधोपुर में मेघगर्जन के साथ तेज बारिश होने से उमस से थोड़ी राहत मिली। सिरोही जिले में आज विभिन्न स्थानों पर बरसात हो रही है। जलाशयों में पानी की अच्छी आवक बनी हुई है।

........................

करौली जिले में तेज बारिश के बाद पांचना बांध के तीन गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। चूरू जिले के सुजानगढ में भारी बारिश दर्ज की गई है। हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा क्षेत्र के विलौचा गांव में बारिश के कारण मकान की छत गिरने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई।

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज राज्य के अधिकांश भागों में मानसून सक्रिय रहने और मेघगर्जन के साथ, कहीं मध्यम तो कहीं–कहीं तेज बारिश होने की संभावना है। आज सिरोही, पाली और जालौर जिलों के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा बीकानेर, चूरू, गंगानगर और हनुमानगढ़ को छोड़कर शेष 26 जिलों में येलो अलर्ट है। अगले चार–पांच दिन पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में मध्यम से तेज बारिश तथा कहीं–कहीं भारी बारिश होने के आसार है। वहीं जोधपुर और बीकानेर संभाग के अधिकांश भागों में भी अगले दो–तीन दिन मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है।

........................

केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में **फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत संडे ऑन साइकिल** रैली में भाग लिया। रैली में पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी तृप्ति मुरगुंडे, विभिन्न राष्ट्रीय खेल महासंघों और भारतीय खेल प्राधिकरण से जुड़े प्रमुख लोग शामिल हुए। श्री मांडविया ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर तीन दिन का खेल कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसी के तहत आज, देश भर में दस हजार से अधिक स्थानों पर 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम रखा गया। प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर साइक्लोथॉन का आयोजन हुआ। उदयपुर के फतहसागर की पाल से साइक्लोथोन और मैराथन का आयोजन हुआ। इसमें खेल और युवा मामले मंत्री कर्नल राज्यवर्धनसिंह राठौड़ भी शामिल हुए। खेल मंत्री ने साइकिल चलाकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। उधर सवाईमाधोपुर में दशहरा मैदान से सर्किट हाउस होते हुए निकाली गई साईकिल रैली में बड़ी संख्या में युवा और विद्यार्थी शामिल हुए।

........................

राधाष्टमी का पर्व प्रदेशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जयपुर के आराध्य श्रीगोविन्द देवजी मन्दिर में इस अवसर पर विशेष पूजा–अर्चना की गई। जैसलमेर में इस उपलक्ष में पांच दिन का धार्मिक अनुष्ठान जारी है। उधर, बृज क्षेत्र भरतपुर में भी इस अवसर पर मंदिरों में भजन–कीर्तन के आयोजन हो रहे हैं और भक्तों को पंचामृत वितरित किया जा रहा है। पाली में मंदिरों में राधा जन्मोत्सव की झांकियां सजाई गई हैं। उधर, सवाईमाधोपुर के खंडार में मेला भरा है, जिसमें भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वहीं पुष्कर में कल से सावित्री माता का सालाना मेला शुरू हुआ। इसमें स्थानीय और दूर दराज से आई महिलाओं का पूजा के लिए तांता लगा हुआ है। उधर अलवर जिले के सरिस्का क्षेत्र में स्थित प्राचीन भृर्तहरी मन्दिर में भर रहे मेले में श्रद्धालुओं का आना जारी है।

........................